

WHISPERS IN THE CORRIDORS .COM
डॉ. सुरेश मेहरोत्रा
नईदुनिया से विशेष अनुबंध के तहत
राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की खबरें

## राजनीतिक

**• प्रधानमंत्री मोदी कोलकाता में पूजा समारोह में शामिल होंगे**

इस बार प्रधानमंत्री मोदी अक्टूबर में कोलकाता में होने वाले दुर्गा पूजा समारोह में शामिल होंगे। सरकार ने इसके लिए ईडन गार्डन बुक कर लिया है।

**• टीएमसी के बागी सांसद मोदी के कार्यक्रम में शामिल होंगे**

सूत्रों के अनुसार, टीएमसी के सभी 20 बागी सांसद कोलकाता में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे भाजपा में शामिल होने की घोषणा भी कर सकते हैं।

**• भारत नेपाल के लिए कर्तव्य की सीमा से परे जाकर कार्य करता है**

भारत द्वारा दिसंबर के अंत तक नेपाल को बिजली निर्यात बढ़ाने का निर्णय व्यावहारिक एकजुटता पर आधारित संबंधों को रेखांकित करता है। भीषण बाढ़ के कारण नेपाल में घरेलू जलविद्युत उत्पादन ठप होने के बाद, नई दिल्ली ने मुजफ्फरपुर-ढालकेबर ट्रांसमिशन लाइन के माध्यम से 600 मेगावाट और तनकपुर-महेंद्रनगर कॉरिडोर के माध्यम से प्रतिदिन 18 घंटे के लिए 54 मेगावाट बिजली आपूर्ति को तुरंत मंजूरी दे दी।

समयोचित हस्तक्षेप से यह बात स्पष्ट होती है कि समय-समय पर होने वाले राजनयिक तनाव और राजनीतिक बदलावों के बावजूद, भारत नेपाल का सबसे भरोसेमंद सहयोगी बना हुआ है। नेपाल के राष्ट्रीय ऊर्जा ग्रिड को स्थिर करने और उसकी अर्थव्यवस्था को ऊर्जा की भारी कमी से बचाने के अलावा, यह पहल सीमा पार ऊर्जा सहयोग की बढ़ती गहराई को भी मजबूत करती है। भू-राजनीतिक चुनौतियाँ भले ही सुर्खियों में रहें, लेकिन साझा भौगोलिक स्थिति, आपस में जुड़ी बुनियादी संरचना और पारस्परिक सद्भावना द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाए रखती हैं। एक गंभीर संकट के समय आगे बढ़कर, भारत ने एक बार फिर 'पड़ोसी सर्वोपरि' दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध, लचीले और समय-परीक्षित सहयोगी के रूप में अपनी भूमिका को पुष्ट किया है।

**• स्थानीय निकाय चुनावों के बाद राजस्थान में भाजपा के लिए खतरे के संकेत ?**

हाल ही में हुए राजस्थान नगर निगम चुनावों के नतीजे अप्रत्याशित रहे हैं, जिससे पारंपरिक राजनीतिक गढ़ों में हलचल मच गई है। घोषित 10,235 वार्डों में से भाजपा ने 4,179 सीटों के साथ सबसे अधिक जीत हासिल की, जबकि कांग्रेस 3,613 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि निर्दलीय उम्मीदवार महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए उभरे, उन्होंने 2,273 वार्डों पर कब्जा किया और कई शहरी स्थानीय निकायों में निर्णायक भूमिका निभाई। कांग्रेस ने भाजपा के प्रमुख गढ़ों में सेंध लगाई और झालावाड़ में 29-13 की उल्लेखनीय जीत हासिल की, साथ ही पाली में भाजपा के 21 वार्डों के मुकाबले 29 वार्ड जीते। वहीं, भरतपुर में निर्दलीय उम्मीदवारों का दबदबा रहा और उन्होंने उपलब्ध 65 वार्डों में से 36 पर जीत दर्ज की। ये बदलते परिदृश्य राज्य में स्थानीय कारकों और निर्दलीय उम्मीदवारों के बढ़ते प्रभाव को उजागर करते हैं।

## प्रशासनिक

**• बिहार में अगला पुलिस महानिदेशक कौन**

बिहार में सबसे अहम तात्कालिक अटकलें अगले डीजीपी के पद को लेकर हैं। मौजूदा डीजीपी विनय कुमार का दो साल का कार्यकाल दिसंबर 2026 में समाप्त होने वाला है, ऐसे में नौकरशाही/पुलिस हलकों में फिलहाल तीन नामों की चर्चा चल रही है: प्रीता वर्मा, जितेंद्र कुमार और कुंदन कृष्णन।



**• प्रीता वर्मा बिहार की कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक**

प्रीता वर्मा को बिहार का कार्यवाहक डीजीपी नियुक्त किया गया है। वह 1991 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं। वर्तमान डीजीपी विनय कुमार लंबी छुट्टी पर चले गए हैं।

**• सीबीआई के संयुक्त निदेशक के रूप में ब्लागन की प्रतिनियुक्ति अवधि बढ़ी**

एसीसी ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है जिसमें आईपीएस कार्यकाल नीति में छूट देते हुए नितिन दीप ब्लागन, आईपीएस (राजस्थान: 2003), संयुक्त निदेशक, सीबीआई के प्रतिनियुक्ति कार्यकाल को 8 अक्टूबर, 2026 (आठवें वर्ष) के बाद एक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाने का प्रस्ताव था।

**• अरुण कुमार खेमभवी की प्रतिनियुक्ति अवधि**

एसीसी ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के निदेशक अरुण कुमार खेम्भावी के कार्यकाल में केंद्रीय भर्ती योजना के तहत कटौती के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। वे असम-मेघालय कैडर के 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

**• आईपीएस सुधा सिंह के लिए कूलिंग-ऑफ छूट को मंजूरी**

एसीसी ने आईपीएस कार्यकाल नीति में छूट देते हुए सुधा सिंह के संबंध में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए अनिवार्य 'कूलिंग ऑफ' अवधि में छूट देने के गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सुधा सिंह ओडिशा कैडर की 2006 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं।

**• गोविंद मोहन को सहकारिता सचिव का अतिरिक्त प्रभार**

सक्षम प्राधिकारी ने आशीष कुमार भूटानी की अवकाश अवधि के दौरान गृह सचिव गोविंद मोहन, आईएएस (सिक्किम: 1989) को सहकारिता मंत्रालय के सचिव पद का अतिरिक्त प्रभार 17.09.2026 से 26.09.2026 तक सौंपने को मंजूरी दे दी है।

**• गृह मंत्रालय ने अगले 5 वर्षों के लिए प्रत्येक वर्ष 14,000 भर्तियों के साथ सीआईएसएफ के विस्तार को मंजूरी दी**

गृह मंत्रालय द्वारा पहले से स्वीकृत विस्तार योजना के तहत पांच वर्षों तक प्रतिवर्ष लगभग 14,000 कर्मियों की भर्ती की परिकल्पना की गई है, जिससे स्वीकृत संख्या 2.20 लाख तक पहुंच जाएगी।

**• गुजरात नर्मदा वैली फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड ने संजीव कुमार को प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है**

संजीव कुमार, आईएएस, को गुजरात नर्मदा वैली फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (जीएनएफसी) का निदेशक और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। वहीं, राजकुमार बेनीवाल, आईएएस, ने प्रबंध निदेशक और निदेशक का पद छोड़ दिया है। कुमार वर्तमान में गुजरात के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव हैं। गुजरात कैडर के 1998 बैच के आईएएस अधिकारी, कुमार ने आईआईटी खड़गपुर से बी.टेक (ऑनर्स) और अमेरिका के मिनेसोटा विश्वविद्यालय से एमपीए की डिग्री प्राप्त की है।

**• प्रसन्ना कुमार आचार्य एनएलसी इंडिया के सीएमडी**



मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) के वर्तमान निदेशक (वित्त) प्रसन्ना कुमार आचार्य को एनएलसीआईएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है।

**• अमितेंद्र नाथ सिन्हा को बीएसएफ में आईजी**

सीआरपीएफ के आईजी अमितेंद्र नाथ सिन्हा को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में महानिरीक्षक (आईजी) के रूप में 10.07.2028 तक (कुल कार्यकाल 5 वर्ष) पार्श्व स्थानांतरण के आधार पर नियुक्त किया गया है।

# हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए: सीएम योगी



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों से उन्होंने कहा कि सरकार इलाज में पूरी मदद करेगी। इसके लिए जरूरतमंद लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा और इसके बाद भी जरूरत पड़ी तो विवेकाधीन कोष से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जरूरतमंद, पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े।

महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 150 लोगों से मिले। उनके पास जाकर उनकी समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्रों का अवलोकन कर समस्या, शिकायत का संज्ञान लिया।

मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि वे परेशान न हों, सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। उन्होंने अलग-अलग मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित और हस्तगत किए। साथ ही निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिप्रद होना चाहिए।

**दिव्यांग के इलाज की व्यवस्था, पेंशन भी बहाल होगी :** जनता दर्शन में देवरिया जनपद से आए एक दिव्यांग ने इलाज के लिए सहायता देने का निवेदन किया। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को समुचित व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। दिव्यांग से बातचीत में जैसे ही सीएम को उसका आयुष्मान कार्ड न होने की जानकारी हुई तो उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड बनवा दिया जाए। सीएम ने उससे दिव्यांग पेंशन के बारे में भी पूछा तो पता चला कि पेंशन मिलती थी, लेकिन किंचित कारणों से अभी बंद है। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को उक्त दिव्यांग की पेंशन बहाल कराने के लिए निर्देशित किया।

**गोशाला में गोसेवा की:** गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। प्रातःकाल गुरु गोरखनाथ और अपने ब्रह्मलीन गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ जी का आशीर्वाद लेने के बाद सीएम योगी ने मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। गोवंश को अपने हाथ से गुड़ खिलाकर उन पर स्नेह बरसाया। उन्होंने गोशाला के कार्यकर्ताओं से गोवंश के स्वास्थ्य एवं टीकाकरण की जानकारी ली और देखभाल के जरूरी दिशानिर्देश दिए।

### प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर

## रक्षामंत्री के साथ मुख्यमंत्री योगी ने काशी विश्वनाथ मंदिर में किया अभिषेक

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन और उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को वाराणसी पहुंचे। मुख्यमंत्री यहां केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ 'सेवा संकल्प बाइक यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

वाराणसी से गुजरात के वडनगर तक निकलने वाली यह यात्रा 22 दिनों में 10 राज्यों, 193 जिलों और 1,159 गांवों से होकर गुजरेगी। कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, भारतीयज जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे।

बाइक यात्रा के शुभारंभ से पहले सेवा यात्री श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे और ललिता घाट से गंगाजल लेकर बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक किया। कड़ी सुरक्षा के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दीर्घ आयु के लिए अभिषेक किया। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ जीवन और दीर्घायु की कामना की गई। इस दौरान आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी मंदिर के गर्भगृह में मौजूद रहे।

भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने बताया कि पूर्वाह्न 51 सेवा यात्री ललिता घाट पहुंचें। यहां गंगाजल भरने के बाद डमरू दल और शंखनाद के बीच वे श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। इसके बाद पवित्र नदियों के जल से ज्योतिर्लिंग का अभिषेक किया गया।

विधिवत पूजा-अर्चना के बाद वाराणसी से वडनगर तक 22 दिवसीय बाइक यात्रा शुरू होगी। सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में दोपहर 12 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अतिथिगण अवलोकन करेंगे। इसके बाद सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया जाएगा।

# संतान की उम्मीद में लाखों दंपतियों ने लोलार्क कुंड में लगाई आस्था की डुबकी

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसीः** भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि पर गुरूवार को उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी के भदैनी स्थित लोलार्क कुंड में लाखों आस्थावानों ने संतान प्राप्ति की कामना को लेकर पूरी आस्था के साथ तीन डुबकी लगाई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार से ही लाखों दंपति कुंड में स्नान करने के लिए कतारबद्ध हो गए थे। भोर से ही कुंड में स्नान का सिलसिला शुरू हो गया और 10 बजे तक लाखों दंपतियों ने कुंड में एक दूसरे का हाथ थामकर डुबकी लगाई।

संकरी गली में स्थित इस कुंड तक पहुंचने के लिए स्नान करने वाले पुरुषों और महिलाओं की डेढ़ से दो किलोमीटर लम्बी कतार लगी रही। इसके पहले मध्यरात्रि 12 बजे कुंड की पूजन-आरती की गई। इस दौरान पूरा क्षेत्र डमरुओं की निनाद से गूंज उठा। कुंड के पूजनोपरांत आस्था का स्नान शुरू हुआ, जो आज रात तक चलता रहेगा। लोलार्क कुंड के निकट और इसके मुख्य मार्ग के दोनों ओर दूर तक बैरिकेडिंग की गई हैं। कुंड के आस-पास स्थान की कमी के कारण 100-100 लोगों के समूह को बारी-बारी से स्नान के लिए छोड़ जा रहा था।

एक समूह के दंपतियों के स्नान कर कुंड से निकलने के बाद ही दूसरे समूह को आगे जाने दिया जा रहा था। कुंड में एक ओर स्नान के लिए प्रवेश तो दूसरे ओर निकास की व्यवस्था बनायी गयी है। स्नान करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों को अपनी बारी के लिए घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ी। लोलार्क कुंड में स्नान के दौरान परम्परानुसार दंपतियों ने जो वस्त्र धारण किए थे, उन्हें वहीं छोड़ दिया। स्नान के दौरान ही दंपतियों ने एक-एक सब्जी का त्यागभी किया। स्नान व सब्जी या फल दान के बाद दंपतियों ने निकट स्थित लोलार्केश्वर महादेव का दर्शन भी किए।

काशी में मान्यता है कि संतान प्राप्ति की कामना से लोलार्क कुंड में स्नान करने वालों को भगवान सूर्य के प्रति आस्था दिखाते हुए किसी एक सब्जी का त्याग कर देना चाहिए। उसका पालन करते हुए बहुतेरे लोगों ने स्नान के उपरांत लौकी और कोहड़ा जैसी सब्जियां भी कुंड में प्रवाहित की।

मान्यता है कि कुंड में छोड़ा गया उक्त फल विशेष संतान का प्रतीक स्वरूप होता है जिसे दंपति जीवन भर नहीं खाते। उधर, पूर्व के वर्षों में लोलार्क कुंड में स्नान के बाद जिन दंपतियों को संतान की प्राप्ति हुई है, उन्होंने मनोकामना पूर्ण होने की खुशी में बाबा के नाम पर कड़ाही चढ़ाने की परंपरा जगन्नाथ मंदिर परिसर में पूरी की। उक्त बच्चों का मुंडन संस्कार भी वहीं किया।

लोलार्केश्वर महादेव के पुजारी रमेश कुमार पांडेय ने बताया कि दंपति एक साथ कुंड के पवित्र जल में तीन बार डुबकी लगाते हैं। स्नान संपन्न होते ही कुंड में एक फल समर्पित किया जाता है और भीगे वस्त्र वहीं छोड़ दिए जाते हैं। मान्यता है कि इससे पूर्व के समस्त कष्ट और ग्रह-बाधाएं छूट जाती हैं। इसके पश्चात श्रद्धालु लोलार्केश्वर महादेव की विधिवत पूजा कर वंश वृद्धि का आशीर्वाद मांगते हैं।

लोलार्क कुंड की धार्मिक मान्यता है कि यहां स्नान करने से निसंतान दंपतियों की सूनी गोद भर जाती है। 50 फीट गहरे और 15 फीट चौड़े इस पवित्र कुंड में तीन ओर से सीढ़ियां हैं, जो इसे एक खड़े कुएं का स्वरूप देती हैं। आस्था और विश्वास से जुड़े इस कुंड में हर साल हजारों दंपति संतान प्राप्ति की कामना से आते हैं।

काशी के काशीखंड में वर्णित है कि लोलार्क षष्ठी के दिन लोलार्क कुंड में स्नान करने से संतान सुख प्राप्त होता है और शारीरिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। दंपतियों द्वारा कुंड में तीन डुबकी लगाने के बाद लोलार्केश्वर महादेव की पूजा भी विशेष रूप से की जाती है।

## मधुमक्खियों के हमले से पेड़ से गिरा युवक इलाज के दौरान मौत

**मेरठ।** पसवाड़ा पेपर मिल परिसर में बुधवार को शहद निकालने के लिए पेड़ पर चढ़े युवक की मधुमक्खियों के हमले के बाद नीचे गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान राहुल के रूप में हुई है। वह कंपनी में काम करता था। बताया गया कि राहुल पेड़ पर लगे मधुमक्खियों के छत्ते से शहद निकालने के लिए चढ़ा था। इसी दौरान मधुमक्खियों ने उस पर हमला कर दिया। हमले से घबराकर राहुल नीचे उतरने लगा, तभी उसका पैर फिसल गया और वह पेड़ से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। कंपनी के कर्मचारी उसे बागपत रोड स्थित केएमसी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन और कर्मचारी कंपनी के बाहर पहुंचे और हंगामा किया।


**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**
प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1
महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई. डी. नं. 0600080003
आवेदन क्रमांक-12706 आवेदन दिनांक 17/07/2026

क्रमांक 2362/राजस्व/भौविप्रा/26 भोपाल
दिनांक : 15/09/2026

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की कोहेफिजा योजना स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 सेक्टर-सी, श्री मोहम्मद शफीक खान आ. श्री अब्दुल समद के नाम पर अंकित है। आवंटी श्री मोहम्मद शफीक खान के मुख्तारआम श्री मोहम्मद जहांगीर खान 30 श्री शफीक खान द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय दिनांक 25/02/2003, श्री अब्दुल शहिद आ. श्री अब्दुल वाहिद एवं श्रीमती नाजिया शहिद पत्नी श्री अब्दुल शाहिद को कर विक्रय पत्र पंजीकृत किया गया है। पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अपने नाम पर चाहा गया। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्ये/दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

1673


## आपका राशिफल 18 सितम्बर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपए पैसों की सुविधा मिल जाएगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि व खर्चा बढ़ेगा। शुभांक 2 4 6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-3-4-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-4-5

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): खान-पान में सावधानी रखें। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगें। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानी पूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई धार्मिक यात्रा करेंगें। शुभांक 2 5 7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): सुबह सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक 4 6 8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): सभा गोष्ठियों में मान सम्मान बढ़ेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-6-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख आराम प्रभावित होगा। धर्म कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-2-4-6


पंजीयन क्रमांक डी. आर.बी./557 दिनांक 25.07.1992
**जिला राजस्व कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित भोपाल**
कार्या. - सी-1/516 सागर ग्रीन हिल्स अमरनाथ कॉलोनी के पास कोलार भोपाल

**आवश्यक सूचना**

जिला राजस्व कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल की आम सभा दिनांक 19.9.2026 को दोपहर 1:00 बजे स्थान इंडियन काफी हाउस 23वी बटालियन भदभदा रोड में आयोजित की गई है।

आप सभी से अनुरोध है कि सभी सम्माननीय सदस्य समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

भवदीय
(सुरेश गुप्ता) अध्यक्ष

1669

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, अंजली श्रीवास्तव पुत्री श्री सुधीर श्रीवास्तव, आयु- वयस्क, निवासी डी-14, आम्रा विहार कोलार रोड, नयापुरा, भोपाल म.प्र. की निवासी हूँ। त्रुटिवश मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम अनाजली श्रीवास्तव दर्ज हो गया है। एवं मेरे समस्त दस्तावेजो में मेरा नाम अंजली श्रीवास्तव दर्ज है जो कि सत्य व सही है। अतः भविष्य में मुझे समस्त शासकीय/अर्धशासकीय दस्तावेजों में अंजली श्रीवास्तव पुत्री श्री सुधीर श्रीवास्तव, आयु- वयस्क, निवासी डी-14, आम्रा विहार कोलार रोड, नयापुरा, भोपाल म.प्र.के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा जावे।

भवदीय :पुराना नाम अनाजली श्रीवास्तव
नया नाम : अंजली श्रीवास्तव पुत्री श्री सुधीर श्रीवास्तव, आयु- वयस्क, निवासी डी-14, आम्रा विहार कोलार रोड, नयापुरा, भोपाल म.प्र.

1670

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं अंकित शर्मा पिता श्री शिवाकुमार आयु वयस्क, निवासी- 282, गली नं. 01, गीता नगर, पोस्ट सिरपुर, इंदौर म.प्र. मेरे पुत्र का नाम अराध्य शर्मा (ARADHY SHARMA) है। त्रुटिवश मेरे पुत्र के आधार कार्ड, समग्र आई.डी एवं कुछ दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम आराध्या शर्मा (AARADHYA SHARMA) दर्ज हो गया है। मेरे पुत्र का सही नाम अराध्य शर्मा (ARADHY SHARMA) एवं मेरे पुत्र की माता का नाम श्वेता शर्मा जो कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण एवं अंकसूचीयों में दर्ज है, जो कि सही व सत्य है। अतः भविष्य में मेरे पुत्र का सही नाम अराध्य शर्मा (ARADHY SHARMA) एवं मेरे पुत्र की माता का नाम श्वेता शर्मा पढ़ा एवं लिखा जाये।

गलत नाम :-आराध्या शर्मा
(AARADHYA SHARMA)
सही नाम :-अराध्य शर्मा
(ARADHY SHARMA)

1671

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार वृत्त-2, तहसील हुजूर जिला भोपाल**
प्रकरण क्र. 5442/अ-6/2026-27
ग्राम डोब प.ह.न. 31, दिनांक 12/08/2026

**इश्तहार**

सर्वसाधरण विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक सीता बाई पत्नि महेश कुमार निवासी-खेजड़ा बरामद, पिपलिया जहीरपीर, भोपाल, म.प्र. म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्रमांक एमपी43आईजीआर 16962026 ए100882298 दिनांक 17.7.2026 के आधार पर क्रय की गई भूमि खसरा क्रमांक 158 में से अंश भाग रकबा 3.220 हे. भूमि स्थित ग्राम डोब प.ह.न. 31 तहसील हुजूर, जिला भोपाल का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया है। आवेदक ने आवेदन पत्र के साथ, रजिस्टर्ड विक्रेता पत्र की छायाप्रति एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचारधीन है। उक्त संबध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्याम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। प्रकरण में आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 01/10/2026 नियत है। उक्त उद्घोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 17/09/2026 को जारी किया गया है।

नायब तहसीलदार
तहसील हुजूर भोपाल

1672

**-: आम-सूचना :-**

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति एक किता आवासीय लीजहोल्ड मकान जो कि भूखंड क्रमांक EWS-244 पर निर्मित है, जिसका भूखंड का कुल क्षेत्रफल 387.35 वर्गफिट है (जिस पर तीन मंजिला मकान निर्मित है) जो कि F-सेक्टर, अयोध्या नगर, तहसील हुजूर, वार्ड क्रमांक 68, जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है:-जिसकी चतुर्थ सीमाए निम्नलिखित है पूर्व में-5 मीटर चौड़ा रोड, पश्चिम में-भूखंड क्रमांक 250, उत्तर में-भूखंड क्रमांक 245, दक्षिण में-भूखंड क्रमांक 243, यह कि उक्त संपत्ति से सम्बंधित एक मूल दस्तावेज लीजडीड दिनांक 07.02.1996 जिसका पंजीयन क्रमांक A-1, ग्रन्थ क्रमांक 11242, दस्तावेज क्रमांक 2454 है जिसका सम्पूर्ण विवरण उप पंजीयक कार्यालय भोपाल में अंकित एवं दर्ज है, कि मूल प्रति अयोध्या नगर भोपाल में कही गिरकर गुम/खो गई है। जिसकी विधिवत सूचना संबंधित थाने में प्रेषित की जा रही है। उक्त संपत्ति विक्रय कि जा रही है एवं बैंक ऑफ इंडिया शाखा साकेत नगर भोपाल के पक्ष में बंधक रखने हेतु प्रस्तावित है। यदि उक्त सम्पत्ति अथवा उसके किसी भाग पर किसी व्यक्ति, संस्था, राष्ट्रीयकृत बैंक, निजी बैंक का कोई ऋण भार, दान, बंधक, मुख्त्यारनामा आम या अनुबंध हो अथवा उक्त संपत्ति के अंतरण से संबंधित कोई दस्तावेज हो अथवा उक्त दस्तावेज से किसी के कोई हित प्रभावित हों तो वे इस आम सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में दस्तावेजी साक्ष्य सहित मेरे समक्ष निम्न पते पर लिखित में सूचना प्रस्तुत करने का कष्ट करें। अवधि समाप्त हो जाने के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरा पक्षकार उक्त वर्णित संपत्ति का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा।

रमेश सूर्यवंशी एडवोकेट
लोकेश सूर्यवंशी एडवोकेट
पता : एफ-10, सांची कॉम्पलेक्स, बोर्ड ऑफिस के सामने, शिवाजी नगर, भोपाल
मो.9425118602, 7748818602

1668

**कार्यालय प्राचार्य सरदार वल्लभभाई पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, भोपाल**
**निविदा का संक्षिप्त विज्ञापन**
क्रमांक/स.व.प./भंडार/2026/1777 भोपाल, दिनांक: 15/09/2026

सरदार वल्लभभाई पॉलीटेक्निक महाविद्यालय श्यामला हिल्स भोपाल द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से लैब इक्विपमेंट एवं मॉडर्न क्लास रूम एंड लेबोरेटरी फर्निशिंग क्रय हेतु निविदाएं जारी की गई है। जारी निविदाओं में सम्मिलित होने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से पोर्टल पर दर्शित प्रक्रियानुसार निविदाओं मे भाग ले सकते है। **जारी की गई निविदाएं:**

GEM/2026/B/7956256
GEM/2026/B/8018089

निविदाओं में कोई भी संशोधन (यदि किया जाता है तब) जेम पोर्टल मे ही अपलोड किया जावेगा। उसका प्रकाशन पृथक से नही कराया जाएगा।

जी-18693/26 प्राचार्य

**कार्यालय नगर परिषद औबेदुल्लागंज जिला रायसेन म.प्र.**
Mail ID : cmoobaidullaganj@mpurban.gov.in,
क्रमांक/1207/लो.नि.शाखा/2026 औ. गंज. दिनांक 17.09.26

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्य हेतु निकाय द्वारा वेबसाईट www.mptender.gov.in पर निविदा आमंत्रित की गई है। विस्तृत निविदा सूचना आमंत्रण एंव अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है। निविदा संशोधित होने की स्थिति में वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी समाचार पत्र में नहीं की जावेगी।

| क्र. | आनलाईन निविदा क्र | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत / धरोहर राशि (रू) | बिड जमा करने की अंतिम तिथि | निविदा आमंत्रण क्रम | समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_536302_1 | वार्ड क्रमांक 12 अर्जुन नगर में (अ) इंग्लिस के घर से मनोहर बंजार तक (ब) धर्मेन्द्र चौरसिया के घर से मुंशी के घर तक (स) बंदरेले मास्साब के घर से रामसिंह के घर तक सी.सी. रोड़ एवं आर.सी.सी क्रांसिग निर्माण कार्य। | रू. 16.92 लाख / 12,690/- | 21.10.2026 | प्रथम | 60 दिवस | 2,000/- |

लक्ष्मी सोनू चौकसे, अध्यक्ष — नमिता बागीश अग्रवाल, उपाध्यक्ष — सुनील सेरिया, सभापति — मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद औबेदुल्लागंज